भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1485**

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

**अनंतपुर के आस-पास बाहरी रिंग रोड परियोजना**

1485. श्री जी. लक्ष्मीनारायण:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अनंतपुर के आस-पास बाहरी रिंग रोड परियोजना के दायरे और उसके विकास के चरणों सहित इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) उक्त परियोजना के लिए अब तक कुल कितनी निधि आवंटित और खर्च की गई राशि है;

(ग) बाहरी रिंग रोड का कार्य पूरा होने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है और यातायात प्रबंधन और संपर्क के लिए उक्त परियोजना के अपेक्षित लाभ क्या हैं;

(घ) क्या उक्त परियोजना के निष्पादन में कोई विलंब या चुनौतियां सामने आई हैं और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) अनंतपुर के आस-पास बाहरी रिंग रोड का कार्य पूरा करने में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) अभी तक, सरकार द्वारा ऐसा कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है अथवा राज्य सरकार से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) से (ड.) प्रश्न नहीं उठता।

*****